<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

वैश्विक मानकों के अनुसार हवाई अड्डा प्रबंधन में कौशल विकास हेतु 4000 भा वि प्रा कार्मिकों को प्रशिक्षित करने हेतु भा वि प्रा तथा आई ए टी ए के बीच समझौता ।

<u>21 जुलाई, 2015 नई दिल्ली :</u> वैश्विक मानकों के अनुसार विमानपत्तन प्रबंधन में कौशल विकास हेतु भा वि प्रा के 4000 कार्मिकों को प्रशिक्षित करने हेतु भा वि प्रा तथा आई ए टी ए के बीच एक करार पर हस्ताक्षर हुए । आई ए टी ए मुख्यालय जेनेवा में 7 जुलाई, 2015 को श्री आर. के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, तथा श्री विक्टर डी बेरोम, निदेशक आई टी टी आई, आई ए टी ए, श्री राजेश भंडारी कार्यपालक निदेशक वित्त, भा वि प्रा तथा श्री आयज हुसैन सी एफ ओ, आई ए टी ए की उपस्थिति में हस्ताक्षर हुए ।

श्री आर. के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, भा वि प्रा ने कहा अंतरराष्ट्रीय विमानन हेतु विकसित हो रहे बाजार तथा मुख्य ग्लोबल विमानन शक्तियों के समुदाय की एक मुख्य भूमिका के रूप में भारत उदय हो रहा है जिससे घरेलू विमानन वृद्धि देश के लिए एक बड़े अवसर के रूप में परिवर्तन हो रही है अत: भा वि प्रा के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने तथा हवाई अड्डों के समूह तथा दिक्चयलन सेवाओं के व्यवसायिकों के निर्माण तथा विकास में निवेश की आवश्यकता है जो जटिल वैश्विक विमानन मुद्दों जैसे कि प्रचालन, संरक्षा, विधि, आर्थिक तथा मौसमी बदलाव सहित अन्य मामलों में अभ्यस्त है

विमान यातायात में वृद्धि के साथ ही हवाई अड्डा तथा वायु क्षेत्र अवसंरचना क्षमताओं में कई गुणा वृद्धि हुई है तथा इसलिए इन कार्मिकों के प्रशिक्षण को सतत रूप में अपग्रेडिड करने की आवश्यकता है । भा वि प्रा के पास 18000 कार्मिक है तथा इसके प्रबंधन में 125 हवाई अड्डे हैं ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9810025069, 011-24622787,
सं. 26/2015-16

श्री राजेश भंडारी, कार्यपालक निदेशक (वित्त), भा वि प्रा तथा श्री आयाज हुसैन, सी एफ ओ, आई ए टी ए श्री आर. के. श्रीवास्तव, आई ए एस, अध्यक्ष, भा वि प्रा तथा श्री विक्टर डी नोरेना, निदेशक आई टी डी आई, आई ए आी ए मुख्यालय, की उपस्थिति में जेनेवा में वैश्विक मानकों के अनुसार विमानपत्तन प्रबंधन में कौशल विकास हेतु 4000 भा वि प्रा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने हेतु हस्ताक्षरित करार की अदला बदली करते हुए ।